an>

Title: Need to stop charging of toll tax on N.H. 8 from the commuters till the work of construction is fully completed on the said Highway.

श्री चाँद नाथ (अलवर): प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के अंतर्गत करार होने के बावजूद सड़क परियोजना पूर्ण हुए बिना ही दिल्ली जयपुर हाईवे पर दो जगहों से 240 रू. के हिसाब से टोल टैक्स लिया जा रहा है जबकि इस परियोजना को पूर्ण होने में आठ से दस स्थानों पर जमीन अधिग्रहण पूरा न होने के अभाव में काफी समय लगेगा, दूसरी अलवर के पास कोठपुतली फ्लाईओवर दरार के कारण बंद कर दिया गया है।

इस सड़क पर इतने मोड़ हैं कि उक्त सफर लगभग चार घंटे में हो जाता था वह अब 7-8 घंटे से कम पूरा नहीं हो पाता है। इस स्थिति में वाहन चालकों को भी पीड़ा से गुजरना पड़ता है। फलस्वरूप दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है।

उक्त् प्रकरण में मेरा सरकार से निवेदन हे कि जनता की परेशानियों को मद्देनजर रखते हुए कार्य पूर्ण होने तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 का टोल टैक्स स्थगित कर दिया जाए।